# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–5950/25 दिनांक–02.07.25

**अनुस्मारक–1**
**अति आवश्यक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध**

सेवा में,

**प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,**
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–जी0एन0एम0, ए0एन0एम0, समस्त पैरामेडिकल एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रशिक्षणों की मुख्य परीक्षाऐं माह सितम्बर–2025 की परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–5573/25 दिनांक 20.06.2025 के क्रम में आपको अवगत कराना है कि जी0एन0एम0, ए0एन0एम0, समस्त पैरामेडिकल एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रशिक्षणों की मुख्य परीक्षाऐं माह सितम्बर–2025 में सम्पन्न करायी जायेंगी।

उक्त के क्रम में माह सितम्बर–2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले जी0एन0एम0 (प्रथम, द्वितीय एवं अन्तिम वर्ष), ए0एन0एम0 (प्रथम व अन्तिम वर्ष), पैरामेडिकल (प्रथम व अन्तिम वर्ष) एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी (प्रथम व अन्तिम वर्ष) के **सभी अर्ह छात्र/छात्राओं** का परीक्षा शुल्क ऑनलाइन (नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड व यू0पी0आई0) के माध्यम से निम्नानुसार दिनांक **21.06.2025** से **21.07.2025** सायं 05:00 बजे तक जमा कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी दशा में शुल्क जमा करना सम्भव नहीं होगा। निर्धारित तिथि के अन्दर अर्ह छात्र/छात्राओं की परीक्षा शुल्क न जमा होने पर परीक्षा से वंचित होने वाले छात्र/छात्राओं की जिम्मेदारी स्वयं प्रशिक्षण संस्थान की होगी।

**सूचनाः**–यदि आप (एनईएफटी/आरटीजीएस) चालान माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करने का चयन कर रहे हैं, तो दिनांक **15.07.2025** सायं 05:00 बजे तक चालान के माध्यम से परीक्षा शुल्क Banking Hours में जमा कर सकते हैं।

<u>**नोटः**–प्रशिक्षण संस्थान यह सुनिश्चित करके ही छात्र/छात्राओं की परीक्षा शुल्क जमा करें जो सितम्बर–2025 की परीक्षा के लिए अर्ह हों। उक्त परीक्षा के लिए जो छात्र/छात्राऐं अर्ह नहीं हैं उनकी परीक्षा शुल्क जमा न करें। यदि प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ऐसे अनर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा किया जाता है तो परीक्षा शुल्क वापस/समायोजित नहीं किया जायेगा। सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थान द्वारा परीक्षा शुल्क वापसी/समायोजन के संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।</u>

........02

**नोटः–परीक्षा शुल्क सिर्फ ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा किया जायेगा। अन्य किसी भी माध्यम से परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

**ऑनलाइन परीक्षा शुल्क सम्बन्धी विवरण –**

- **नर्सिंग प्रशिक्षण (जी0एन0एम0 / ए0एन0एम0)**
  जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 परीक्षा शुल्क – रू0 4,000/–प्रति छात्र/छात्रा की दर से।
- **पैरामेडिकल प्रशिक्षण–**
  पैरामेडिकल परीक्षा शुल्क – रू0 3,000/–प्रति छात्र/छात्रा की दर से।

ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु लिंक इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट **www.upsmfac.org** पर जाकर **UPSMF - Online Fee Portal** पर क्लिक कर **UPSMF AFFILIATED COLLEGE PORTAL** से या **https://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPSMFCollege** के माध्यम से जमा करें।

परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करने के पश्चात् निम्नलिखित संलग्नकों के साथ इस कार्यालय में **स्पीड पोस्ट के माध्यम** से ही भेजना सुनिश्चित करें–

4. प्रथम वर्ष के इनरोल्ड अभ्यर्थियों की सूची।
5. प्रथम वर्ष के इनरोल्ड अभ्यर्थियों का शपथ–पत्र संलग्न प्रारूप के अनुसार।
6. अर्ह अभ्यर्थियों की ऑनलाइन जमा करायी गयी परीक्षा शुल्क की रसीद एवं अपलोड की गई प्रमाणित सूची।

**सूचनाः**–यदि आप भुगतान चालान मोड (एनईएफटी/आरटीजीएस) का चयन कर रहे हैं तो यह सुनिश्चित कर लें कि चालान में अंकित कुल धनराशि जो कि सर्विस चार्ज जोड़कर दिया गया है, जिसमें पैसे भी सम्मिलित होते हैं, का भुगतान दिनांक **15.07.2025** सायं 05:00 बजे तक Banking Hours में कराया जाना सुनिश्चित करें। चालान में अंकित धनराशि का भुगतान न करने की दशा में बैंक द्वारा चालान रिजेक्ट हो जायेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थान का होगा। इसलिए पूर्ण भुगतान कर सफलता **(STATUS–SUCCESS)** की रसीद प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**नोट**–संज्ञान में आया कि प्रशिक्षण संस्थान द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान कर सफलता (STATUS–SUCCESS) की रसीद प्राप्त करने हेतु असुविधा हो रही है। इसके समाधान के लिए ऑनलाइन परीक्षा शुल्क सम्बन्धी **फ्लो चार्ट संलग्न** किया जा रहा है, का अनुसरण कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर निम्नांकित सम्पर्क सूत्रों से प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे के मध्य सम्पर्क किया जा सकता है–

1. श्री अभिनय पटेल – 9712942974
2. श्री शुभम गुप्ता – 9324913892

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

# समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों को शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करने का विस्तृत विवरण

जी0एन0एम0 ए0एन0एम0 समस्त पैरामेडिकल एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रशिक्षणों की मुख्य परीक्षाऐं माह सितम्बर–2025 की ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। जिसके लिए Flow Chart उपलब्ध कराया जा रहा है।

**ऑनलाइन परीक्षा शुल्क सम्बन्धी फ्लो चार्ट**

| | |
|---|---|
| **Step-1** | **UTTAR PRADESH STATE MEDICAL FACULTY**<br>https://upsmfac.org |
| **Step-2** | **UPSMF Online Fee Portal**<br>https://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPMedical |
| **Step-3** | **UPSMF AFFILIATED COLLEGE PORTAL**<br>https://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPSMFCollege |

Step-3 पर क्लिक करने के पश्चात् फार्म खुल जायेगा जिसमें मांगी गई वांछित विस्तृत जानकारी भरने के पश्चात् Submit बटन पर क्लिक करने पर एक नये पेज पर भरी गई वांछित विस्तृत जानकारी प्रदर्शित होगी जिसमें एक **Transaction ID** भी प्रदर्शित होगी जिसे आप Save कर ले।

प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा Save की गई **Transaction ID** के माध्यम से जमा की गई शुल्क के रसीद को प्राप्त कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| **Step-4** | **VERIFY YOUR PREVIOUS TRANSACTION HERE**<br>https://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPSMFCollege/verifyTransaction |

Step-4 पर क्लिक कर **Transaction ID** के माध्यम से पुनः रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर निम्नांकित सम्पर्क सूत्रों से प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे के मध्य सम्पर्क किया जा सकता है–

1. श्री अभिनव पटेल –9712942974
2. श्री शुभम गुप्ता –9324913892